# Department of commerce
# Activities Register



Department of commerce in this college is affiliated this year 1969 and started the full fledged classes from 1970 - 1971 academic year. The main object of the department is to improve the quality of education to hindi speaking students in the college, with this object method of teaching was made in hindi.

At that time Sri Madan lal Malpani was head of the department and Sri Shyamsunder Mundada and Sri Sarath chandra Misra were in the department

Sri Sarangapani and Sri P. Giridhar joined in the department 1983 and 1993 respectively.

In the present academic year the follow are the staff members.

1) Sri P. Giridhar
2) Sri Wakil Pandey
3) Sri Bt. Madhusudan
4) Smt. Sarita Mantri
5) Smt. Ashwini Sanpurkar
6) Smt. N. Bhavana



Independance Day Celebrations



41

# हिंदी महाविद्यालय में वाणिज्य संगोष्ठी



आजीविका हेतु निर्देशन संगोष्ठी के अवसर पर श्री प्रवीन कुमार (सी.ए.), श्री विजय सिंह (सी.ए.), श्री सजनल लाल टक शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर, जयपुर तथा श्री अजय कुमार एच.एस.बी.सी. कार्यपालक अधिकारी मंचासीन मेजर के.सारंगपणि एवं विचार व्यक्त करते हुए श्री पी.गिरधर

Annual Day Celebrations





Republic Day Celebrations






Lion's club members are explain and encourage about organ donation



Explanation about Demonitisation by Guru Murty





Excusion of warangal



Celebrations of Freshers Party





Annual Day Celebrations



Women's Day Celebrations



Sparts Day Competitions in college



Rangoli and Mehandi
Competitions in college



Awarness to students for abroad studies






On the Day of Convocation Programme



Ann
18/2/17



Celebrations
of
Annual Day











Republic Day Celebrations

Extention lectures
by Sameera Arif
from Stanley Degree &
PG college





Departmental Meeting






Celebrations of International Yoga Day

Extention Lectures by Renu Bala










Extention Lectures
by Sukhpreeth Kaur

Celebrations of
Indipence Day







# हिन्दी महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 9 अगस्त-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम बी.कॉम के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य ज्योति हस्तक ने वाणिज्य के छात्रों को यातायात के नियमों के प्रति सजग रहकर अपने आस-पड़ोस के लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी हो, तो वे औरों को भी इससे परिचित करा सकेंगे। अवसर पर यातायात विभाग द्वारा जारी ऑडियो विजुअल स्क्रीनिंग के माध्यम से छात्रों को यातायात के नियमों से परिचित कराया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष पी. गिरिधर, डॉ. राजशेखर तथा डॉ. सुरभि तिवारी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

A programme on
Traffic Rules














On the Day of
Restart of
NSS UNIT

Extention Lectures
by Sunaina














On the Day of Health and Dental checkup Camp.

Extention Lectures by Shahana







Awarness Programme on
Swachh Bharat Abhiyan



On the eve of NAAC meeting
conducted by the




The third time Hindi Mahavidyalaya was inpected by [NAAC] National Assessment Council



14/9/17

Hindi Day celebration

# हिन्दी के महत्व पर की गई चर्चा



हैदराबाद, 14 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा आज हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ हुआ। अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में के. शिवानंद (हिन्दी प्राध्यापक, केंद्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद) उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत हिन्दी महाविद्यालय के कार्यदर्शी लक्ष्मीनिवास शर्मा ने पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर किया। प्राचार्या ज्योति हस्तक ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि का परिचय एम.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा नेहा पटेल ने दिया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष पी. गिरिधर ने संदेश भाषण में पंत की पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा कि हिन्दी में अभिव्यक्ति सरल है।

लक्ष्मीनिवास शर्मा कहा कि हिन्दी के विकास में सिनेमा का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन हर एक कक्षा में एक हिन्दी शब्द अन्य भाषा में अनुवाद और व्याख्या के साथ लिखा जाए। इससे छात्र हिन्दी के कई नये शब्द सीखेंगे। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम हिन्दी को आत्मसात करें और इसी क्षेत्र में ऊँचाई प्राप्त करें। हिन्दी विभाग के चंद्र प्रताप सिंह, डॉ. आर. सपना, डॉ. मोनिका शर्मा एवं डॉ. जयलक्ष्मी ने प्रपत्र प्रस्तुत किए। राजनीति विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि दत्त ने 'वाणी की वीणा हिन्दी' कविता का पाठ किया। संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. मुक्ता वाणी ने प्रपत्र एवं कविता प्रस्तुत की। हिन्दी विभागध्यक्ष डॉ. रजनी धारी ने प्रपत्र वाचन, कविता पाठ एवं कार्यक्रम का संचालन किया। वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक वकील पांडेय ने भी अपने विचार प्रस्तुत किया। प्राध्यापिका वाणिज्य विभाग सरिता मंत्री तथा सीईसी इंटर द्वितीय को छात्र निशांत कुमार ने कविता वाचन किया। हिन्दी विभाग के प्रवक्ता चंद्र प्रताप सिंह के आभार ज्ञापन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

30/10/17

One Day Seminar

Service Sector in India





31/10/17

Farewell ceremony was held on the retirement of principal Jyoti Hastak in Hindi Mahavidyalaya. Sri P. Giridhar take the charge as a Principal on 31/10/17.

30/11/17 Aco



Academic Meeting



Awareness of AIDS Day

Intermediate Inter college Youth Festival organised by Hindi Mahavidyalaya around 300 students participated in that.



30 25/1/18

Tourism day was celebrated.

26/1/18



31/1/18



Former students honored the retired lecturers.




1/2/18

National Voter's Day was organized

# हिन्दी महाविद्यालय में मतदाता दिवस मनाया गया




हैदराबाद, 1 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में राजनीतिशास्त्र विभाग तथा एनएसएस यूनिट द्वारा मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम राजनीतिशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती अर्चना पांडेय ने विद्यार्थियों को मतदाता दिवस का महत्व समझाते हुए उन्हें उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस का उद्देश्य युवा भारतीयों को लोकतांत्रिक तथा राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। नागरिक अपने मत को व्यर्थ न समझते हुए उनका उचित प्रयोग करें। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदडा भी उपस्थित थे। प्राचार्य पी. गिरिधर तथा सभी प्राध्यापकों के साथ विद्यार्थियों ने मतदाता दिवस पर शपथ ली। विद्यार्थियों को लोकतंत्र के प्रति जागरुक बनाने के लिए विषय संबंधित प्रतियोगिताओं जैसे निबंध तथा प्रश्न मंच आदि का आयोजन किया गया। उस्मानिया यूनिवर्सिटी के आर्ट्स कॉलेज में आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में हिन्दी महाविद्यालय के एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर बी.टी. मधुसूदन ने यूनिट के सदस्यों के साथ भाग लिया।

14/7/18



On the occasion of old students Punit Dwedi who is the visited the college he is the position of

A program organised by Hindi Mahavidyalaya for students Career TASK









20/2/18

The guest lecture was organized by the English department

22/2/18

A meeting Conducted on 22/2/18 at O.U. examination branch to declare ~~reg~~ result of U.G.





24/2/18

24/2/18



A program conducted by the department of Commerce to impart Knowledge about Insurance.

28/2/18




Science Fair was organized by Hindi Mahavidyalaya







8/3/18

International Women's Day was celebrated by Hindi Mahavidyalaya.

9/3/18

Sports day organised by Hindi Mahavidyalaya







15/3/18



Rangoli Mehadi Singing, Dancing etc
all this competition organized by
Hindi Mahavidyalaya



Mr. Naveen Mittal ji invited as a chief guest
on Annual Day.

# 2018-19

21/6/17

21/6/18



Fouth International Yoga day was organized in Hindi Mahavidyalaya

27/7/18




Guru Purnima was celebrated by the Students in Hindi Mahavidyalaya




4/8/2018
Join visiting comm.


WISH YOU
NEW
2019



# हिन्दी महाविद्यालय में रोजगार परामर्श सत्र सम्पन्न



हैदराबाद, 7 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय, नल्लाकुंटा में 'शिक्षा की डोर, नवउत्थान की ओर' मंत्र के साथ एफडीडीआई (फुटवेयर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंटरमीडिएट के छात्रों के लिए परामर्श सत्र का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एफडीडीआई के सहायक प्रबंधक गौरव कुमार तिवारी ने व्याख्याता के रूप में सत्र में भाग लेते हुए कहा कि एफडीडीआई एशिया की नंबर वन संस्था है। इसके द्वारा चार वर्ष का कौशल विकास पाठ्यक्रम तैयार किया गया है, जिसे करने के पश्चात विद्यार्थियों को 18 अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार मिलने की संभावनाएँ रहेंगी। उन्होंने बताया कि छात्र अपने कौशल और अभ्यास से नई डिजाइन तैयार कर सकने में समर्थ होंगे। इसमें ऑल इंडिया सेलेक्शन के हिसाब से एडमिशन होगा।

कार्यक्रम का संचालन राजनीतिक शास्त्र विभाग की प्राध्यापिका अर्चना पांडेय ने किया। अवसर पर उप-प्राचार्य पूजा कौशल, वाणिज्य विभाग की अध्यापिका सरिता मंत्री, इतिहास की प्राध्यापिका प्रियंका शर्मा की उपस्थिति रही।

हिंदी मिलाप 9.1.2019

# हिन्दी महाविद्यालय में सभा आयोजित



हैदराबाद, 8 जनवरी- (मिलाप ब्यूरो) नामपल्ली स्थित हिन्दी महाविद्यालय के प्रांगण में 'पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा अपनाओ' सभा का आयोजन किया गया। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 'हिन्दी है हम विश्व हिंदी मंच' के विजय कुमार जैन के नेतृत्व में चलाए गए से प्रारंभ हुई भारतीय भाषा सम्मान यात्रा का स्वागत हिन्दी महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेन्द्र लूनिया ने किया। सभा की अध्यक्षता मंच के संस्थापक डॉ. रिजवानुल अंसारी ने की। उन्होंने कहा कि देश को आजाद हुए 72 साल हो चुके हैं। अब तक हम अपनी राष्ट्रभाषा निर्धारित नहीं कर पाए, जबकि राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, राष्ट्रध्वज, राष्ट्रीय पुष्प, राष्ट्रीय पशु-पक्षी सभी हैं, पर राष्ट्रभाषा नहीं है। विश्व के सभी राष्ट्रों की राष्ट्रभाषा है, क्योंकि राष्ट्रभाषा से ही राष्ट्र का निर्माण संभव है।

मंच के महासचिव डॉ. विद्याधर ने कहा कि सभी को अपनी मातृभाषा प्रिय होती है। यदि हर राज्य अपनी राज्यभाषा घोषित करेंगे, तो राष्ट्रभाषा अपने आप बन जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हैदराबाद स्थित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की अध्यक्ष डॉ. अनीता गांगुली ने कहा कि 'हिन्दी बने राष्ट्रभाषा' अभियान को आंदोलन में बदला जाना चाहिए। अभियान के संस्थापक व वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार जैन ने कहा कि जिस तरह हर इंसान पहले अपनी मातृभाषा को प्यार करता है, वैसे ही हर एक को अपनी राष्ट्रभाषा से प्यार करना चाहिए। भारत के किसी भी कोने में जाकर हम राष्ट्रभाषा द्वारा रोजी-रोटी कमा सकते हैं। उनका नारा है कि पहले मातृभाषा फिर राष्ट्रभाषा, इंडिया को भारत के नाम से संबोधित किया जाए और इंडिया गेट को भारत द्वार लिखा जाए। हिन्दी महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रजिनी धारी ने आभार व्यक्त किया।

GST Guest lecture 11/Mar 2017



हिन्दी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा 'जीएसटी' पर बी.कॉम विद्यार्थियों के लिए आयोजित अतिथि व्याख्यान में सीए मनीष दुबे ने आवश्यक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में वाणिज्य विभागाध्यक्ष सरिता मंत्री, बी.टी. मधुसूदन, वकील पांडेय, अर्जुन मोरे, अश्विनी संपूर्णकर, रश्मिता, पायल व अन्य ने भाग लिया।

हिंदी वार्ता 13.3.2017

# जीएसटी पर हुआ अतिथि व्याख्यान



हैदराबाद, 12 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा जीएसटी पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. पी. उमा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार व्याख्यान के लिए वरिष्ठ सीए मनीष दुबे ने विद्यार्थियों को जीएसटी की विशेष जानकारी दी और जीएसटी से होने वाले लाभ से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने जीएसटी के वर्गीकरण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जीएसटी वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह कार्यक्रम वाणिज्य विभाग की विभागध्यक्ष श्रीमती सरिता मंत्री, बी.टी. मधुसूदन, वकील पांडेय, अर्जुन मोरे, श्रीमती अश्विनी संपूर्णकर, श्रीमती रश्मिता तथा श्रीमती पायल के सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

हिंदी मिलाप 31-8-2019

# हिन्दी महाविद्यालय में पाँच दिवसीय कार्यशाला संपन्न

[illegible]



चार्युलु ने शोध का प्रतिवेदन किस प्रकार तैयार किया जाए, इसकी जानकारी दी। इसके अलावा एम सी. गुप्ता कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के पूर्व निदेशक प्रो. सुरेंद्र रेड्डी ने शोध विषय पर व्याख्यान दिया।

समापन सत्र में विशेष अतिथियों के रूप में महाविद्यालय समिति के सदस्य, संस्थाध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया, कार्यदर्शी लक्ष्मीनिवास शर्मा, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, प्राचार्या पी. उमा, डॉ. श्रीदेवी तथा डॉ. उपेंद्र शास्त्री उपस्थित थे। कार्यशाला में राधाकृष्ण की प्राचार्या अर्चना शाह, शोधार्थियों व अन्य ने भाग [illegible] कार्यक्रम का संचालन डॉ. [illegible] ने किया। अंग्रेजी के प्राध्यापक [illegible] ने आभार व्यक्त किया।

50

Teacher's day



Teachers day



# हिन्दी महाविद्यालय में डेंगू की दवा वितरित



हैदराबाद, 19 सितंबर-(मिलाप ब्यूरो) नगर में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हिंदी महाविद्यालय में इस रोग को लेकर विद्यार्थियों को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उनमें डेंगू निवारक दवा का नि:शुल्क वितरण भी किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य [illegible] उमा एवं कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एनसीसी कैडेटस ने गवर्नमेंट होमियो मेडिकल कॉलेज, रामंतापुर के सौजन्य से डेंगू रोधी नि:शुल्क दवाओं का वितरण विद्यार्थियों के साथ-साथ कर्मचारियों एवं प्राध्य[illegible]ों में किया। लेफ्टिनेंट आकाश थापा की देखरेख में दवा का वितरण किया गया। अवसर पर सभी को अपने घरों और कार्यस्थल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गयी। जोर देकर बताया गया कि आस-पास पानी जमा न होने दें ताकि मच्छरों को पैदा होने को रोका जा सके।

370

DAILY शुभ लाभ

# हिन्दी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन








हैदराबाद, 21 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। हिन्दी महाविद्यालय में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.पी.उमा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में नगद्वय के प्रतिमा हॉस्पिटल ब्लड बैंक (सिकंदराबाद) के डायरेक्टर जयप्रकाश एवं टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस शिविर में सर्वप्रथम महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने रक्तदान किया तत्पश्चात महाविद्यालय के 50 छात्रों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान किया। तथा 70 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.पी.उमा, उप प्राचार्य डॉ.श्री देवी तथा प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर अर्जुन मोरे तथा बी.टी. मधुसूदन के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

Main Edition
Sep 22, 2019 Page No 8
Powered by: eReleGo.com

# हिन्दी महाविद्यालय में धारा 370, 35ए पर व्याख्यान





**हैदराबाद, 21 अगस्त (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिंदी महाविद्यालय के प्राचार्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि हिन्दी महाविद्यालय में 20 अगस्त को राजनीतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि दत्त के द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य एवं महाविद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी उपस्थित रहे। भौतिक शास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं उपप्राचार्य डॉ. श्रीदेवी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। राजनीतिक शास्त्र विभाग की श्रीमती अर्चना पांडेय ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. सुरभि दत्त का परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. सुरभि दत्त ने व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में अनुच्छेद 370 से संबंधित तथ्य प्रस्तुत किये। राज्यों के पुनर्गठन, कश्मीर की विशेष स्थिति और संविधान संशोधन प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए संवैधानिक प्रावधानों का विश्लेषण किया। उन्होंने कहा कि जिस अस्थायी प्रावधान की तत्कालीन परिस्थितियों में व्यवस्था की गयी थी उसे राष्ट्र की अखंडता को सुनिश्चित करने के लिए और वर्तमान विकट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के द्वारा बहुमत से इसे समाप्त कर दिया गया है और इसके साथ ही 35 ए भी स्वतः ही समाप्त हो गया है।

इस परिप्रेक्ष्य में श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अतिथिगण और छात्र उपस्थित रहे।

# हिन्दी महाविद्यालय में प्लास्टिक प्रतिबंध पर जागरुकता रैली









**हैदराबाद, 24 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी महाविद्यालय में एनएसएस दिवस के अवसर पर दिनांक 24 सितंबर को प्लास्टिक पर प्रतिबंध को लेकर एनएसएस के छात्रों की ओर से विशाल जागरुकता रैली निकाली गयी। प्राचार्य की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार नल्लाकुंटा स्थित हिन्दी महाविद्यालय के प्रांगण में एनएसएस यूनिट के प्रोग्राम ऑफिसर अर्जुन मोरे तथा बी.टी. मधुसूदन के नेतृत्व में प्लास्टिक से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, पर्यावरण प्रदूषण, पशुओं के जीवन के लिए उत्पन्न खतरा जैसे चिंतनीय विषयों पर समाज में चेतना लाने के लिए विशाल जागरुकता रैली निकाली गयी। जिसे कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मुंदड़ा तथा प्राचार्य डॉ. पी. उमा ने नीली झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाविद्यालय से प्रारंभ होकर यह रैली बरकतपुरा से होते हुए अंबरपेट तक पहुँची। इस रैली में महाविद्यालय के काफी संख्या में छात्रों ने और प्राध्यापकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

Medical camp. 

# हिन्दी महाविद्यालय में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित



हैदराबाद, 18 सितंबर (मिलाप ब्यूरो)

हिन्दी महाविद्यालय में आज निःशुल्क परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महाविद्यालय की एन.सी.सी. यूनिट के तत्वावधान में आयोजित शिविर में नगरद्वय के मलकाजगिरी में स्थित ऋषभ अस्पताल के डॉ. नरेंद्र, डॉ. प्रेमावर्धिनी, डॉ. मंजुला प्रियदर्शिनी, डॉ. वियज पाल तथा टेक्निशियन अकबर एवं सुशील ने सेवा प्रदान की।

परीक्षण शिविर में सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. पी. उमा ने अपने नेत्रों का परीक्षण करवाया। तत्पश्चात प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने इसका लाभ लिया। अवसर पर अस्पताल की ओर से मुफ्त दवाइयाँ महाविद्यालय को भेंट स्वरूप प्रदान की गयीं। कार्यक्रम का नेतृत्व एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट आकाश थापा ने किया।

बतुकम्मा 27/9/19

# हिन्दी महाविद्यालय में ट्रेडिशनल डे पर हुआ बतुकम्मा का आयोजन



हैदराबाद, 27 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। हिन्दी महाविद्यालय में शुक्रवार को ट्रेडिशनल डे बतुकम्मा का आयोजन धूमधाम से किया गया। प्राचार्य डॉ. पी. उमा द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, आज हिन्दी महाविद्यालय में दशहरा व बतुकम्मा के उपलक्ष्य में ट्रेडिशनल डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता सीमा शील कुमार जैन तथा सोनल दिनेश मूंदड़ा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बतुकम्मा बनाकर उनकी परिक्रमा की। इस अवसर पर भव्य गरबा तथा डांडिया कार्यक्रम में सभी प्राध्यापगणों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया, कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, प्राचार्य डॉ. पी. उमा, उप-प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी, सभी प्राध्यापक, कर्मचारीगण तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

Main Edition

31/1/2020



# हिन्दी महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह संपन्न







हैदराबाद, 30 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। अवसर पर वर्ष 2017-2018 के छात्रों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना तथा हिन्दी महाविद्यालय गीत द्वारा हुई। गीत उप-प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी तथा प्राध्यापिका लहरी ने प्रस्तुत किया। संस्थाध्यक्ष सुरेंद्र लूणिया ने कुलसचिव, उस्मानिया विश्वविद्यालय प्रो. सीएच. गोपाल रेड्डी का, कार्यदर्शी लक्ष्मीनिवास शर्मा ने परीक्षा नियंत्रक, उस्मानिया विश्वविद्यालय प्रो. श्रीराम वेंकटेश का तथा प्राचार्या डॉ. पी. उमा ने उस्मानिया विश्वविद्यालय सी.डी.सी. अध्यक्ष प्रो. डी. श्रीरामुलू का पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया।

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्वागत लक्ष्मीनिवास शर्मा ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया। बंडारू दत्तात्रेय ने अपने संबोधन में छात्रों को मेहनत और लगन से पढ़ने की सीख दी।

प्राचार्या डॉ. पी. उमा ने हिन्दी महाविद्यालय का परिचय दिया। सुरेंद्र लूणिया ने सभी को दीक्षांत समारोह की शुभकामनाएँ प्रदान कीं। लक्ष्मीनिवास शर्मा ने महाविद्यालय के इतिहास से सभी को परिचित करवाया। राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि तिवारी ने बी.ए. पाठ्यक्रम में प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों के नामों की घोषणा की। वाणिज्य विभागाध्यक्ष सरिता मंत्री ने बी.कॉम. तथा बी.बी.ए. पाठ्यक्रमों के छात्रों के नामों की घोषणा की। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. रजनीधारी ने एम.ए. पाठ्यक्रम के छात्रों के नामों की घोषणा की। उपस्थित अतिथियों प्रो. सीएच. रेड्डी, प्रो. श्रीराम वेंकटेश, प्रो. डी. श्रीरामुलू व अन्य ने प्रमाण-पत्र वितरित किए।

अवसर पर प्रो. सी.एच. गोपाल रेड्डी, श्रीराम वेंकटेश तथा प्रो. डी. श्रीरामुलू ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान कई पूर्व छात्रों ने भी अपने अनुभव साझा किए। पूर्व प्राध्यापक डॉ. सुमनलता ने सभी को दीक्षांत समारोह को शुभकामनाएँ दी। इस दौरान दौरान स्वर्ण पदक विजेता छात्रों को प्रमाण-पत्र तथा मेडल प्रदान किए गए। अतिथियों का सम्मान स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन अश्विनी सनपूरकर (वाणिज्य विभाग प्रवक्ता), अर्चना पाण्डेय (राजनीति शास्त्र विभाग प्रवक्ता) तथा डॉ. रजनीधारी (हिन्दी विभागाध्यक्ष) ने किया। परीक्षा नियंत्रक अश्विनी ने आभार ज्ञापित किया।

Guest lecture 29/Feb 2020

# हिन्दी महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान आयोजित



**हैदराबाद (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

हिन्दी महाविद्यालय की प्राचार्य पी. उमा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार हिन्दी महाविद्यालय में ङ्गएकाउंटिंग फ्रॉम नॉन प्रॉफिट ऑर्गनाईजेशनङ्घ विषय पर वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्यामसुंदर मूंदड़ा अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अपने व्याख्यान में उन्होंने प्राप्ति, भुगतान और आय-व्यय के बारे में छात्रों को जानकारी दीं। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाअध्यक्ष सरिता मंत्री, बी.टी. मधुसुदन तथा अर्जुन मोरे तथा बी.कॉम के छात्र उपस्थित रहे 24/ guest lect

8 March 20

# हिन्दी महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजित





**हैदराबाद (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे विज्ञान विभाग की प्राध्यापक कु. लहरी ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण उप-प्राचार्य डॉ. बी. श्रीदेवी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधवी सोदीशेट्टी असिस्टेंट कमिश्नर आयकर विभाग, श्रीमती भगवती बलदेवा सी.एम. डी. कार्तिकेय ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, डॉ. विजयंती पुराणपंडा सह-संपादक साक्षी प्रिंट मीडिया उपस्थित थीं।

सभी विदूषियों का परिचय उप-प्राचार्य ने दिया तथा उपस्थित सभी महिला अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचारों से सभी को अभिभूत किया। संस्था कोषाध्यक्ष श्री श्यामसुंदर मूंदड़ा ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं। राजनीतिशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुरभि तिवारी ने वैदिक ऋचाओं में नारी की गौरवमय स्थिति तथा समय के साथ नारी के उत्थान, सुधार आंदोलनों तथा वर्तमान में हर क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को रेखांकित किया।

महिला दिवस के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की सभी महिलाओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। योग कक्षा रखी गयी, प्राध्यापकों ने रोज़मर्रा के जीवन से जुड़े विभिन्न पदार्थों के स्टॉल लगाए तथा छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियागिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार ज्ञापन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष श्रीमती पी. नलिनी ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पी. उमा के निर्देशन में कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

# ऑनलाइन शिक्षा पर वेबिनार आयोजित

हैदराबाद, 18 अगस्त-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा ऑनलाइन शिक्षा (समस्याएँ और संभावनाएँ) विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया।



प्राचार्य डॉ. पी. उमा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्य वक्ता के रूप में लोयला वाणिज्य अकादमी की डीन डॉ. जैकलिन पॉल तथा अन्य वक्ता के रूप में उस्मानिया विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार, प्रो. अप्पा राव (डीन, वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक), उस्मानिया विश्वविद्यालय, वाणिज्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. एलिजाबेथ मैथ्यू (सी.के. ठाकुर एसीएस कॉलेज, मुंबई) की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य विभागाध्यक्ष सरिता मंत्री के स्वागत भाषण से हुआ। अपने वक्तव्य में डॉ. जैकलिन पॉल ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा में एक बात के परिप्रेक्ष्य में अनेक समस्याएँ हैं। जैसे आमने-सामने वार्तालाप की कमी, व्यावहारिक विषय को समझने में कठिनाई, तकनीकी गडबड़ी तथा अधिक समय तक बैठे रहने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ आदि। इसके साथ ही ऑनलाइन शिक्षा से होने वाली संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसमें बहुत सारी सुविधाएँ भी हैं। जैसे कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों की विविधता देखने को मिलेगी, कॅरियर में उन्नति की संभावना बढ़ेगी, शिक्षकों का विकास होगा। इसमें हम निर्देशात्मक से पढ़ा सकते हैं।

प्रो. कृष्ण कुमार ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा देखने में बहुत आसान है, लेकिन इसमें बहुत सारी चुनौतियाँ हैं, जिसमें सबसे बड़ी चुनौती है कनेक्टिविटी। इसलिए छात्रों को कैसे जोड़ा जाए तथा इसे सफल बनाया जाए, यह सीखना और समझना होगा। प्रो. वी. अप्पा राव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जितने अच्छे से हम छात्रों को आमने-सामने पढ़ा सकते है, उतना ऑनलाइन में नहीं, लेकिन वर्तमान परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए हमें ऑनलाइन शिक्षा को आसान बनाना होगा। डॉ. एलिजाबेथ मैथ्यू ने इस विषय पर चित्र के माध्यम से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक खुली किताब हैं और तकनीकी शिक्षा बंद किताब की तरह है। उन्होंने बिल गेट्स का उदाहरण देते हुए कहा कि तकनीक सिर्फ उपकरण है। बच्चों को एक साथ काम करने और उन्हें प्रेरित करने की अवधि में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण हैं। तकनीक वह माध्यम है, जो शिक्षा को सरल बनाती है, परंतु फिर भी वह शिक्षक का स्थान नहीं ले सकती। कार्यक्रम का कुशल संयोजन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक बी.टी. मधुसूदन तथा विभागध्यक्ष सरिता मंत्री के सहयोग से हुआ। बी.टी. मधुसूदन के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संगोष्ठी का समापन हुआ।

हिन्दी स्वतंत्र वार्ता 7.3.2020

# हिन्दी महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान आयोजित

...राबाद, 6 मार्च (स्वतंत्र ...)। हिन्दी महाविद्यालय में ...ति शास्त्र विभाग द्वारा ... सशक्तिकरण और मानव ...कार विषय पर व्याख्यान ...जित किया गया।

... अवसर पर गवर्नमेंट डिग्री ...ज हुमायूँनगर की प्रोफेसर डॉ. ... बेगम अतिथि वक्ता के रूप ...मंत्रित थी। विभागाध्यक्ष डॉ. ... तिवारी तथा अर्चना पांडेय ने ...एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथि ...स्वागत किया। डॉ. सुरभि ने ...ख्यान विषय के महत्व को ...कित करते हुए कहा कि महिला ...क्तिकरण का अर्थ हर क्षेत्र में ...ा की सफलता को पहचान ... और मानवाधिकार का लक्ष्य ...ओं को शोषण से मुक्त ... और उनके विकास का मार्ग ...ना है। अतिथि का परिचय देते ...हा कि डॉ. जहीदा शिक्षा के



विविध क्षेत्रों से समाज और महिला कल्याण से जुड़ी है और तेलंगाना शी टीम की मार्ग दर्शक है। भारत के अनमोल रत्न तथा महिला शिरोमणि से सम्मानित है। डॉ. जहीदा ने अपने व्याख्यान में संवैधानिक पृष्ठभूमि के तहत महिला अधिकार, मौलिक अधिकार पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की उभरती स्थिति का उल्लेख किया और उन्होंने कहा कि समाज में जेंडर इक्वालिटी को प्रोत्साहित करना होगा। राज्य सरकारें और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त राष्ट्र संघ इस दिशा में सक्रिय है। उन्होंने अपने संबोधन में महिलाओं के अधिकारों से जुड़े एक्ट के प्रावधान बताते हुए कहा कि महिला पुरुष दोनों को इनकी जानकारी रखनी चाहिए। नारी के लिए शिक्षा अपनी पहचान बनाने और अधिकार पाने का सबसे मजबूत साधन है। इस अवसर पर उप-प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी, वकील पांडेय, चंद्रप्रताप सिंह तथा पुष्पावल्ली ने अपने विचार रखे। तत्पश्चात राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा डॉ. जहीदा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती अर्चना पांडेय ने अतिथि वक्ता द्वारा दी गयी नारी अधिकार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी की समीक्षा करते हुए उनके प्रति तथा उपस्थित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया।

हिंदी मिलाप 26.1.2024

# हिन्दी महाविद्यालय में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का किया गया आयोजन





हैदराबाद, 25 जनवरी-(मिलाप ब्यूरो) हिन्दी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव के निर्देशन में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

आज यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कोषाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव, उप-प्राचार्य अश्विनी सनपूरकर ने दीप प्रज्ज्वलित किया। डॉ. वाई.वी. राव ने स्वागत भाषण दिया। सर्वप्रथम हैदराबाद की ट्रेनर और सलाहकार डिंपल मेहता ने व्याख्यान के माध्यम से शिक्षण के विभिन्न तरीकों तथा उनसे होने वाले लाभ पर चर्चा की। तत्पश्चात बेंगलुरु आरआईसीएम के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एस.ए. सिद्धांती ने 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पाठ्यक्रम का नया स्वरूप और शिक्षकों की भूमिका एनईपी 2020' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। बेंगलुरु के सलाहकार प्रोफेसर इर्विन अब्राहम ने 'शिक्षकों के लिए प्रभावी संचार' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव ने 'अनुसंधान और परामर्श' विषय पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य अश्विनी सनपूरकर द्वारा किया गया।

25 Jan

हिंदी वार्ता

# हिन्दी महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन



हैदराबाद, 21 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी महाविद्यालय के छात्रों के लिए एक इफेक्टिव कम्युनिकेशन एंड करियर अपार्च्युनिटी विषय पर जॉब ओरिएंटेड विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्याता इकबाल अहमद (एचआर मैनेजमेंट कंसलटेंट एंड एस.ए.पी. एच. सी. एम. फंक्शनल कंसल्टेंट) का परिचय प्राचार्य डॉ. वाईवी राव ने दिया। इकबाल अहमद ने प्रिप्लेसमेंट ट्रेनिंग, वर्बल और नॉनवर्बल एनालिसिस से व्याख्यान को प्रारंभ किया। इसके पश्चात साक्षात्कार में इनफार्मल एवं फार्मल ड्रेस कोड के महत्व को बताया एमएनसी में जॉब करने [illegible] ... महाविद्यालय में इस वर्ष प्रवेश छात्रों को आशीर्वाद दिया तथा पुराने छात्रों को सीखने के लिए प्रेरित किया।

20 Feb 20 National Seminar

## हिन्दी महाविद्यालय में स्टार्टअप पर कार्यशाला कल

हैदराबाद, 23 फरवरी (मिलाप ब्यूरो)

हिन्दी महाविद्यालय में इंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप विषय पर गुरुवार, 25 फरवरी को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यशाला में वक्ता के रूप में बेंगलुरु के आईटीडी, आईआईएम.बी. के प्रोफेसर डॉ. मैथ्यू मणिमाला, आईसीआईईआर इंडिया बेंगलुरु के पी.के. थामस, हिन्दी महाविद्यालय के कार्यवर्ती तथा [illegible] शर्मा, [illegible]

हिंदी वार्ता

## हिन्दी महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यशाला कल

हैदराबाद, 23 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में इंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्ट-अप विषय पर गुरुवार, 25 फरवरी को राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसमें वक्ता के रूप में बेंगलुरु के आईटीडी, आईआईएम.बी., के प्रोफेसर डॉ. मैथ्यू मणिमाला, आईसीआईईआर इंडिया बेंगलुरु के पी.के. थामस, हिन्दी महाविद्यालय के कार्यवर्ती तथा [illegible] शर्मा, [illegible]

**Hindi Mahavidyalaya**

Department of Commerce (PG) HMV cordially invite you for Today's seminar of M.com 1st year students i.e. (13/5/2021) at 11:00 AM in Google meet.

Objective:
The seminar objective is an opportunity to the students to acquire knowledge, to boost their confidence levels, and skills.

Your presence will inspire the students and make us happy.

Mrs. Ashwini Sampurkar
Vice Priniciapal

Dr.Y.V.Rao
Principal

Mrs. Payal
Dept. of C

Note:
Link for G




2020-21

March 10/21

# हिन्दी महाविद्यालय में महिला दिवस का आयोजन



हैदराबाद, 10 मार्च (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ में प्राचार्य डॉ. वाईवी राव ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की सभी महिलाओं के लिए विभिनन गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा महाविद्यालय की ओर से सभी को उनके नाम अंकित पेन भेंट स्वरूप प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर ने किया। कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती पायल हर्ष तथा श्रीमती पद्मजा का सहयोग रहा।

2020 — offline - Sept-2021

हिंदी वार्ता 24.9.21

# हिन्दी महाविद्यालय में एकदिवसीय कार्यशाला



हैदराबाद, 23 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हिन्दी महाविद्यालय में बी. वोकेशनल विभाग के बैंकिंग तथा इंश्योरेंस द्वारा एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह एक जागरूकता कार्यक्रम था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय कुमार उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव के स्वागत भाषण द्वारा हुआ। मुख्य अतिथि अजय कुमार को प्राचार्य ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने निवेश की पुरानी धारणाओं को छोड़ नयी चीजों में निवेश करने पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण तथा छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन उप-प्राचार्य श्रीमती अश्विनी सनपूरकर तथा आभार ज्ञापन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. वसंता ने किया।



# HINDI MAHAVIDYALAYA

(AUTONOMOUS & NAAC RE-ACCREDITED)
Arts and Commerce, Science and P.G.Centre
Affiliated to Osmania University
Nallakunta,Hyderabad-500044

Hindi Mahavidyalaya Presents Webinar on

## ENTREPRENEURSHIP AS A CAREER FOR YOUTH

DATE: 4-09-2021
TIME: 11:00 AM

GOOGLE MEET LINK:
https://meet.google.com/ohe-reiq-ozy



**SPEAKER: DR. AMIT KUMAR DWIVEDI**

Working as Associate Professor and Incharge , Dept.of policy Advocacy, Knowledge of Research at Entrepeneurship Development Institute of India-Ahmedabad (EDII-Ahmedabad)

CHIEF CONVENOR
DR.Y.V.RAO
MBA,M.Phil,DCRS,Ph.D
(PRINCIPAL)

CONTACT DETAILS -
MAIL: info@hindimahavidyalaya
Phone no:- 040-27616330

Faculty Co-ordinator:
MS. Pallavi Jutika
Student Co-ordinator:
T. Rohan



WORLD PEACE FESTIVAL SOCIETY

# INVITATION

Affiliated to UNO

## WORLD PEACE FESTIVAL SOCIETY

(An International Peace Promoting Organazation)
Warangal, Telangana State, India. Regd. No. 255/2002

## CELEBRATION OF PEACE FESTIVAL

Hoisting of Peace Flag :

**Smt. SURABHI VANI DEVI,** MLC
Telangana Legislative Council, Artist, Educationist & Social Activist

**Smt. SEEMA SHEEL KUMAR JAIN**
Secretary, Jain Seva Sangh Mahila Vibhag, Hyd.

**Smt. MASHOOQ FATHIMA**
Founder Member, World Peace Festival Society

Release of Pigeons: Chief Guest and Awardees

Chief Guest

**Dr. K.V. RAMANACHARY,** I.A.S. (Rtd.)
Hon'ble Advisor, Govt.,of Telangana.
( Tourism,Culture, Endowment,Youth & Media Affairs )

Peace Song

**Miss. G. LAHARI**
Asst. Professor, Hindi Mahavidyalay, Hyd.

**Date : 23-10-2021 (Saturday) Time: 11-00 a.m. to 11-30 a.m.**
**Venue : HINDI MAHAVIDYALAY, Nallakunta, Hyderabad.**

You are cordially invited

Mohd. SIRAJUDDIN
Founder & President

Prof. B. SURESH LAL
General Secretary

The Executive Committee and Members of the Society


Celebration of
PEACE FESTIV
Presentat
BHARAT SHANTHI DOO
On 23-10-2021 (Saturday) at: 11-00 a.m. to 1-00 p.m.

हिंदी मिलाप

# हिन्दी महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित



*हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का दृश्य।*

**हैदराबाद, 8 मार्च-(मिलाप ब्यूरो)** हिन्दी महाविद्यालय में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया।

दीप प्रज्वलन तथा कुमारी लहरी के सरस्वती वंदना प्रस्तुत करने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महेश बैंक की निदेशक पुष्पा बूब तथा विशेष अतिथि के रूप में एनएफसी की सेवानिवृत्त मुख्य कार्यकारी मीना रवीन्द्रन ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव ने अपने स्वागत भाषण में सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएँ दीं।

महाविद्यालय समिति सदस्य एमिरेट्स सुरेन्द्र लूणिया, अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्याम सुंदर मूंदड़ा, मानद-मंत्री लक्ष्मीनिवास शर्मा तथा कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों ने अपने संबोधन में समाज निर्माण में महिलाओं की भूमिका को रेखांकित किया। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि का अवसर पर सम्मान किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में प्राध्यापिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। इनमें स्वादिष्ट पकवान, वस्त्र तथा आभूषण के स्टाल शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन नीता कुलकर्णी ने किया। उपप्राचार्य अश्विनी सनपुरकर ने किया।



70

Arts, Commerce, Science and P.G. Centre
Affiliated to Osmania University
Nallakunta, Hyderabad-500044

**DEPARTMENT OF COMMERCE AND MANAGEMENT ORGANIZES A GUEST LECTURE ON**

***"CA AND CS AS A CAREER"***

**ON**
**26TH APRIL, 2022**

**GUEST SPEAKER: CA MEGHA PIYUSH BHANDARI**

*EX- ASSISTANT MANAGER AT LAXMINIWAS AND COMPANY, CURRENTLY PURSUING PROPRIETORSHIP PRACTICE IN DIRECT TAXATION*



**TIMINGS: 1:00- 2:30 P.M**
**VENUE: AUDITORIUM, Hindi Mahavidyalaya**

# हिन्दी महाविद्यालय में किया गया आतिथि व्याख्यान का आयोजन



*हिन्दी महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान के दौरान अपने विचार रखतीं अतिथि वक्ता सीए मेघा पीयूष भंडारी।*

**हैदराबाद 26 अप्रैल-(मिलाप ब्यूरो)** हिन्दी महाविद्यालय में आज वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा 'सीए तथा सीएस में व्यवसाय' विषय पर आतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में सीए मेधा पीयूष भंडारी उपस्थित थीं। प्राचार्य डॉ. वाई.वी. राव ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा ने कहा कि छात्रों के लिए सर्वोत्तम प्रोफेशनल कोर्स सीए तथा सीएस है। कोषाध्यक्ष एस.बी. काबरा ने छात्रों को समयनियोजन तथा अनुशासित रहते हुए जीवन विकास की शिक्षा दी। वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका आरती शर्मा ने अतिथि वक्ताओं का परिचय प्रस्तुत किया। अतिथि वक्ता मेधा पीयूष भंडारी ने सीए तथा सीएस कोर्स के महत्व के बारे में बताते हुए वाणिज्य के क्षेत्र में जीवन लक्ष्य को निर्धारित करने की सीख दी। साथ ही साथ टैली तथा टेक्सेशन को सीखने का सुझाव दिया।

इस दौरान मुख्य अतिथि का स्मृति चिह्न आदि प्रदान कर श्यामसुंदर मूंदड़ा तथा एस.बी. काबरा ने सम्मान किया। अवसर पर उप प्राचार्य डॉ. [illegible] महाविद्यालय के छात्र तथा प्राध्यापक उपस्थित थे। वाणिज्य प्राध्यापिका आरती शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। उप प्राचार्य [illegible] सत्पूरकर ने सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए आभार जताया।